आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.05.2026/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

शिक्षा बोर्ड–परिणाम

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज 10वीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष 93 हजार एक सौ 76 विद्यार्थियों ने ये परीक्षा दी थी, जिनमें से 78 हजार एक सौ 50 उत्तीर्ण हुए हैं। आठ हजार 4 सौ 33 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई है जबकि 6 हजार 5 सौ 59 असफल घोषित किए गए हैं। परीक्षा परिणाम 83 दशमलव आठ–सात प्रतिशत रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट..... ....

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की मैरिट सूची में एक बार फिर छात्राओं का दबदबा देखने को मिला है। मैरिट सूची में कुल एक सौ सात विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है जिनमें 83 छात्राएं और 24 छात्र शामिल है। कांगड़ा ज़िले के निजी स्कूल पाहरा की छात्रा अनमोल ने 7 सौ में से 6 सौ 99 अंक लेकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा के अनुसार परीक्षा प्रणाली में इस बार कई बड़े बदलाव किए गए थे, जिसके चलते परिणाम में सुधार देखने को मिला है।

स्कूल शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष परीक्षाओं के संचालन के लिए प्रदेश भर में दो हजार तीन सौ 84 परीक्षा केंद्र बनाए थे। पहली बार परीक्षक केंद्रों की लाईव मॉनिट्रिंग भी की गई। बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि आगामी सत्र से परीक्षा केंद्रों में ऑडियो–वीडियो कैमरों के माध्यम से निगरानी रखने की योजना है।
प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।

बधाई

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दसवीं की परीक्षा में सफल होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। मेधावी विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ये परिणाम उनकी कड़ी मेहनत और पढ़ाई के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने इस परीक्षा में असफल विद्यार्थियों को निराश न होने और नए संकल्प व कड़ी मेहनत के साथ दोबारा तैयारी करने के लिए प्रेरित भी किया।

भाजपा प्रभारी

प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनता में अपनी विश्वसनीयता पूरी तरह खो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनावी वायदों को पूरा नहीं किया है और केवल झूठे आश्वासन दिए हैं। पालमपुर में आज कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भाजपा पालमपुर नगर निगम के लिए स्पष्ट विजन लेकर आई है और इसे आदर्श नगर निगम बनाया जाएगा। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पालमपुर को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा।

<u>जयराम ठाकुर</u>

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर बेसहारा पशुओं, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पालमपुर में आज चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से पालमपुर शहर का विकास ठप्प पड़ा है और केंद्र द्वारा स्वीकृत सीवरेज योजना में भी बड़ा घोटाला किया गया है।

जयराम ठाकुर ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार आने पर जनभावनाओं का सम्मान करते हुए ग्रामीण इलाकों को उनकी इच्छा के अनुसार निगम से बाहर रखा जाएगा और शहरों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

<u>सराहना</u>

डिजिटल टैक्नोलॉजी व गवर्नेंस विभाग को ई–गवर्नेंस की दिशा में किए गए नवाचारों और नागरिक केंद्रित डिजिटल प्लेटफॉर्मस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। विभाग के सचिव आशीष सिंघमार और निदेशक निपुण जिंदल ने शिमला में मुख्यमंत्री को ये पुरस्कार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने लोगों को पारदर्शी, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तकनीक और नवाचार का उपयोग कर लोगों को प्रभावी, पारदर्शी व सुलभ सार्वजनिक सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबध है।

———————————————————————————————